# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जनवरी 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से 447 आवेदनों का हुआ निराकरण, समाधान योग्य आवेदनों का निगम के अधिकारी कर रहे त्वरित निराकरण

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के 6 स्थानों पर वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड 41 आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन एवं अंडा चौक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है इसके अतिरिक्त भी मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय खोले जाने के लिए आयुक्त महोदय ने समस्त आयुक्तों को स्थल की सूची प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है जिसमें से अंडा चौक स्थित सामुदायिक भवन मे मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय प्रारंभ किया जा चुका है। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। अब तक 447 आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से किया जा चुका है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी समय-समय पर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का निरीक्षण करते रहे हैं तथा जोन आयुक्तों को मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय से प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेकर समय सीमा के भीतर निराकरण करने के लिए आदेशित किए है।



## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का निगम क्षेत्र में हो रहा है पंजीयन, 18 से 40 वर्ष आयु के लोग हो सकते सम्मिलित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं सामान्य व्यक्तियों को 60 वर्ष के आयु पश्चात निश्चित मासिक पेंशन

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं सामान्य व्यक्तियों को 60 वर्ष के आयु पश्चात निश्चित मासिक पेंशन प्राप्त करने के लिए श्रम योगी मानधन योजना का पंजीयन कार्य चॉइस सेंटरों के माध्यम से जारी है! योजना के पात्रता के लिए 18 से 40 वर्ष आयु समूह के असंगठित श्रमिक योजना में शामिल हो सकते हैं! असंगठित श्रमिक जैसे फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू श्रमिक, कचरा बीनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हस्तकरघा श्रमिक, धोबी, चमड़े का काम करने वाले श्रमिक, अंतर राज्य श्रमिक और इस तरह 125 कार्यों/व्यवसाय में कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आय रु 15000 से कम हो योजना में शामिल हो सकते हैं! जो व्यक्ति आयकर प्रदान नहीं करता है वह भी इसके लिए पात्र है! इस योजना के तहत ₹55 से ₹200 तक अलग-अलग आयु समूह के अनुसार प्रतिमाह अंशदान देय होगा एवं अंशदान के बराबर की राशि शासन के द्वारा देय होगी! हितग्राही को योजना में शामिल होने की तिथि को आयु की गणना अनुसार प्रथम अंशदान (किस्त) प्रतिमाह हितग्राहियों के बैंक अकाउंट से 60 वर्ष की आयु तक कटौती की जाएगी! पंजीयन के समय प्रथम किस्त नगद राशि के रूप में लोक सेवा केंद्र चॉइस सेंटर में देय होगा परंतु पंजीयन नि:शुल्क है! निगम क्षेत्र के रहवासी इस योजना की अधिक जानकारी के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं!



# स्वच्छता अभियान में भिलाई को नं. 01 बनाने में जुटा निगम प्रशासन

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई निगम को अव्वल स्थान पर लाने व स्वच्छता में भिलाई की पहचान बनाने  निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर को निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्थलों, सड़क किनारे के स्थलों कि निरंतर सफाई कराने के निर्देश दिए है तथा जोन आयुक्तों को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने कहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नागरिकों से फीडबैक लेने के साथ ही सोशल मीडिया में हैशटैग कर भिलाई को नं. वन पर लाने का प्रयास जारी है। जीवीपी पाइंट पर रंगोली बनाने से अब लोग इधर उधर कचरा फेंकने के बजाए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाले सफाई कर्मी को ही कचरा देने लगे है, वहीं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने निगम क्षेत्र में वाॅल पेंटिंग किया गया है। निगम प्रशासन आमजन को होम कंपोस्ट की जानकारी देकर कचरा मुक्त शहर बनाने प्रयासरत है। स्वच्छ सर्वेक्षण मापदंड के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था संपादित करने वार्ड वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो प्रतिदिन सुबह से सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालय एंव साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है। रहवासी क्षेत्रों की नालियों की सफाई, प्रमुख सड़के व बाजार की सफाई सुबह शाम की जा रही है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य वार्डों में नियमित रूप से किया जा रहा है! निगम क्षेत्र के नालियों में जाली भी लगाई गई है ताकि कचरा तालाबों एवं जल स्रोतो में न मिल सके।





# गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर देवेंद्र यादव ने किया ध्वजारोहण, स्वच्छता की ली गई शपथ

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया! अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7:00 बजे जोन समिति के अध्यक्ष के द्वारा ध्वजारोहण किया गया! समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी! निगम के कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ चूना मार्किंग की गई साथ ही रंगाई/पुताई कार्य भी किया गया, सप्ताह भर पहले से गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी! निगम द्वारा गणतंत्र दिवस पर शहरी गौठान का मॉडल झांकी के लिए तैयार किया गया था, इस मॉडल की खूब सराहना की गई और यह झांकी प्रथम स्थान पर रही! निगम के कार्यालयों में रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था भी किया गया था, चौक चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के लिए तैयारियां की गई थी आसपास सफाई भी कराई गई! मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण महापौर देवेंद्र यादव ने किया इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया! ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान प्रारंभ किया गया! तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों द्वारा अरपा पैरी के धार के गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई! 7 से 8 बच्चों की टीम के दिव्यांग बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गाना गाया गया जोकि मंत्रमुग्ध कर देने वाला था! महापौर देवेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में भिलाई की स्थापना से लेकर साडा कार्यकाल एवं निगम के अस्तित्व आने तक के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि लोगों के भावनाओं के अनुरूप निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है,



# शहरी गौठान में पशुओं को छाया देने बनेगा शेड, महापौर ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा संचालित शहरी गौठान में रखे जाने वाले पशुओं के लिए शेड बनाया जाएगा! महापौर व भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने गणतंत्र दिवस के अवसर गौठान मे शेड निर्माण किए जाने वाले स्थल का भूमिपूजन कर पशुओं को गुड़ और चना भी खिलाया। शहरी गौठान में पशुओं की देखभाल करने अब गौ सेवक भी जुड़ने लगे है। भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के समीप नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा निर्मित एवं महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित शहरी गौठान में जनभागीदारी के तहत स्वंयसेवी संस्था के सहयोग से पशुओं को छाया देने के लिए शेड निर्माण किया जाएगा। गणतंत्र दिवसर के अवसर पर गौठान में बनने वाले शेड का महापौर देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। उन्होंने पशुओं की सेवा के लिए युवाओं की टीम व गौसेवी संस्थाओं द्वारा जनभागीदारी के तहत किए जा रहे कार्यो की तारीफ की! उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन अपने स्तर पर पशुओं की देखभाल कर रही है परंतु यह एक सराहनीय कार्य है कि गौ सेवक पशुओं की सेवा के लिए आगे आ रहे हैं! इसके पूर्व महापौर श्री यादव ने अपने हाथों से पशुओं को गुड़ व हरा पौष्टिक चारा खिलाया तथा गौठान मे आर्गेनिक खेती का निरीक्षण कर कार्यो की प्रशंसा किए। शेड भूमिपूजन कार्यक्रम में श्री कृष्ण गौशाला एवं गौ सेवा के सदस्य, भिलाई निगम के उपायुक्त तरूण पाल लहरे, जोन क्रमांक 01 जोन आयुक्त अमितभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सहा. स्वा. अधिकारी जावेद अली, अजय शुक्ला सहित महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।



## महापौर परिषद की बैठक मे राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का संचालन/ संधारण सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

महापौर परिषद की बैठक महापौर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई! सेक्टर दो स्थित राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का संचालन/संधारण एवं कोच उपलब्ध कराने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति बुलाए जाने महापौर परिषद की बैठक में विषय को जोन क्रमांक 3 द्वारा लाया गया! राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है जिसमें दिन और रात दोनों ही समय खिलाड़ी अपनी खेल का अभ्यास कर सकते हैं! स्पोर्ट कांप्लेक्स 6000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है इस विषय पर महापौर परिषद के सदस्यों ने चर्चा कर सहमति प्रदान की है! इस भवन का उपयोग नहीं होने के कारण इन भवनों तोड़ने के लिए प्रकरण महापौर परिषद में लाया गया! वार्ड क्रमांक 20 शासकीय प्राथमिक शाला कैंप वन बाल मंदिर, वार्ड क्रमांक 21 शासकीय प्राथमिक शाला जेपी नगर, वार्ड क्रमांक 21 सुंदर नगर गुरुद्वारा के पास कैंप वन का पंप हाउस, वार्ड क्रमांक 21 सुंदर नगर आदर्श पारा का पंप हाउस तथा वार्ड क्रमांक 25 शासकीय मिनीमाता प्राथमिक शाला विवेकानंद नगर के सात जर्जर भवनों को तोड़ने की अनुमति पर महापौर परिषद द्वारा चर्चा की गई! इसी के साथ ही कई अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा की गई! महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, सूर्यकांत सिन्हा, दिवाकर भारती, जोहन सिन्हा, सुभद्रा सिंह, सुशीला देवांगन, सदीरन बानो, सोशन लोगन तथा अधीक्षण अभियंता आरके साहू एवं सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें, जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुख आदि मौजूद रहे!



# प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक और नया कदम, बर्तन बैंक की हुई स्थापना,महापौर देवेंद्र यादव ने किया शुभारंभ

नगर पालिक निगम भिलाई प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच, पॉलिथीन के विक्रय एवं उपयोग पर सतत निगरानी बनाए हुए हैं, उड़नदस्ता की टीम लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही कर रही है! प्लास्टिक एवं पॉलीथिन एवं इनसे बने उत्पादों के उपयोग न करने के लिए इसका तरह-तरह का विकल्प निकाला जा रहा है, इसी के तहत आज वार्ड 31 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार जोन क्रमांक 4 में बर्तन बैंक का शुभारंभ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने किया, भिलाई मे अपनी तरह का यह पहला बर्तन बैंक होगा! बर्तन को किराए से देने वाले आय से महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी! आज महापौर देवेंद्र यादव ने बर्तन बैंक की शुरुआत खुर्सीपार के दुर्गा मंदिर क्षेत्र से की है, श्री यादव ने महिलाओं को इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता एवं स्वरोजगार के लिए यह एक बड़ा कदम है, भिलाई शहर में पहली बार बर्तन बैंक की शुरुआत की जा रही है! महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए निगम सतत प्रयास कर रहा हैं जिसके लिए भिलाई मदर्स मार्केट बनाने का कार्य प्रगति पर है, जहां पर महिलाओं को अपने आय को मजबूत करने में आसानी होगी! श्री यादव ने महिलाओं के इस कार्य में सहायता करने के लिए अनुदान राशि से 15000 रुपए देने की मंच पर घोषणा की! राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का कार्य देख रहे फणींद्र बोस ने बताया कि बर्तन बैंक की शुरुआत दुर्गा मंदिर स्कूल क्षेत्र से की गई है, इसी तरह निगम के अन्य वार्डों में भी स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा! इस अवसर पर पूर्व महापौर नीता लोधी, एकता शर्मा, राज्यश्री अवस्थी, बसंती साहू, सरिता देवी, प्रिंसी गुप्ता सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही!





# सेवानिवृत्त हुए 7 कर्मचारियों को निगम सभागार में दी गई भावभीनी विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर श्री बिसौहाराम सिन्हा पिता श्री बल्दूराम सिन्हा सहायक ग्रेड 03, जोन 06, श्रीमती मंजू चंदेल पति स्व. श्री वीरेन्द्र चंदेल, अनुरेखक सामान्य प्रशासन विभाग, श्री कृष्ण कुमार यादव पिता श्री तीरथ राम यादव, वाहन चालक वाहन शाखा, श्री दूजेराम वर्मा पिता स्व. श्री दशरथ, चैनमेन जोन 06, श्री एम.अप्पाराव पिता श्री तातैया, मजदूर जोन 01, श्री राजाराम देवांगन पिता श्री जगत राम, फिल्ड वर्कर जोन 03, श्रीमती जमातुन निशा पति श्री अहमद खान सफाई कामगार जोन 04 को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर परिषद की सदस्य सुभद्रा सिंह एवं नीरज पाल, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी सुनील जैन, संजय शर्मा, वकील अहमद, दौलत चंद्राकर ने शा ॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी,कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई